दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, गुरूवार 31 जनवरी 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-122

## महत्वपूर्ण एवं खास



### स्मृति ईरानी ने साधा राहुल गांधी पर निशाना, कहा- चुनाव को देखकर जनेऊ पहनते हैं युवराज

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा, शशि थरूर के लिए बयान देना धार्मिक अपमान के बराबर है. सवाल राहुल गांधी से पूछा जाना चाहिए जो स्ट्रैटजी के तहत सिर्फ तभी जनेऊ पहनते हैं जब चुनाव हो रहे होते हैं. उन्हें दुनिया भर के करोड़ों हिन्दुओं की मान्यताओं पर हमला करने की छूट क्यों दी जा रही है.

### स्पाइसजेट के सीएमडी एवं सात अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज

नयी दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली पुलिस ने स्पाइसजेट के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (सीएमडी) अजय सिंह एवं एयरलाइन के सात अन्य निदेशकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि धोखाधड़ी के एक मामले में यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि यह प्राथमिकी अदालत के निर्देशों के बाद ग्रेटर कैलाश पुलिस थाने में दर्ज की गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दक्षिण दिल्ली के एक निजी सलाहकार पुनीत दीवान ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि कंपनी ने उनकी सेवाएं लीं लेकिन उनका भुगतान नहीं किया। अधिकारी ने बताया कि दीवान के दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख करने के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई। कानूनी कदम विस्तृत जांच के बाद उठाए जाएंगे। हालांकि, स्पाइसजेट के एक प्रवक्ता ने इन आरोपों को गलत, फर्जी, निराधार एवं मनगढ़ंत बताकर खारिज किया।

### दिल्ली-एनसीआर की हवा 2024 तक सांस लेने लायक नहीं बन पाएगी

नई दिल्ली (आरएनएस)। नैशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (एनसीएपी) के बावजूद 2024 तक दिल्ली-एनसीआर के कई शहरों की हवा सांस लेने लायक नहीं हो पाएगी। इस प्रोग्राम का मकसद 2024 तक प्रदूषण के स्तर में 30 पर्सेंट की कमी करना है। इसे लेकर ग्रीनपीस ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट एयरपोक्लिपस जारी की है। इसमें दावा किया गया है कि अगर 2024 तक दिल्ली के प्रदूषण में 30 पर्सेंट कमी कर भी ली जाए तो भी यह राष्ट्रीय मानकों से तीन गुना ज्यादा होगी।

### तेलंगाना बॉर्डर पर नक्सलियों ने मचाया उत्पात, राज्य परिवहन की बस और एक ट्रक को किया आग के हवाले

सुकमा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के सुकमा के तेलंगाना बॉर्डर पर नक्सलियों ने मंगलवार को जमकर उत्पात मचाया है. तेलंगाना राज्य परिवहन की बस और एक ट्रक को आग के हवाले कर दिया. कोटा से 15 किमी दूर गांव के पास आगजनी की घटना को अंजाम दिया है. पूरा मामला चिंतुर थाना क्षेत्र का है. वही दंतेवाड़ा में नक्सलियों ने आकाश नगर डिपॉजिट 5 के डाउन हिल के पास पोस्टर बैनर लगा कर रोड को जाम कर दिया है.

### 28 वर्षीय एक्टर राहुल दीक्षित ने आत्महत्या की

मुंबई। 28 वर्षीय एक्टर राहुल दीक्षित ने कथित रूप से आज सुबह आत्महत्या कर ली. पुलिस ने दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया है. मामले की जांच जारी है.

## नीरव मोदी का बंगला गिराने में जेसीबी फेल, ब्लास्ट से तोड़ी जाएगी इमारत

देश के सबसे बड़े बैंकिंग घोटाले में आरोपी और भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी के रायगढ़ जिले स्थित बंगले गिराने का काम पिछले दिनों शुरू किया गया था. लेकिन अब खबर है कि नीरव मोदी के बंगले को तोड़ने के लिए पहुंची जीसीबी और पोकलेन मशीन नाकामयाब रही. कहा जा रहा है कि बंगले की मजबूती पर जीसीबी और पोकलेन मशीर कारगर साबित नहीं हो पा रही. इसको देखते हुए भाभा एटामिक रिसर्च सेंटर से इंजीनियर्स को बुलाया गया और उनकी राय के अनुसार बंगले को तोड़ने के लिए कंट्रोल ब्लास्ट करना पडेगा.



**कीमती सामान को बाहर निकाला जाएगा**

कंट्रोल ब्लास्ट कराने से पहले बंगले के अंदर लगी कीमती वस्तुओं जैसे झूमर, बाथरूम में लगे शावर को निकाला जाएगा और उसकी नीलामी की जाएगी. हालांकि बंगले में ब्लास्ट करने के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट से भी इजाजत लेनी होगी. आपको बता दें कि नीरव मोदी का अलीबाग स्थित बंगला करीब 20 हजार वर्ग फीट में फैला है. प्रशासन बंगले के अंदर मिलने वाले कीमती सामान की नीलामी कर अधिक से अधिक रकम की भरपाई करना चाहता है.

**58 अवैध इमारतों को गिराने का आदेश**

आपको बता दें कि रायगढ़ के जिलाधिकारी विजय सूर्यवंशी ने पिछले महीने मुंबई से 90 किलोमीटर दूर अलीबाग बीच के पास किहिम में स्थित 58 अवैध इमारतों को गिराने का आदेश दिया था. इसमें नीरव मोदी का बंगला भी शामिल था. अवैध इमारतों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने में नाकामी पर बंबई हाईकोर्ट की फटकार के बाद इन बिल्डिंग को गिराने का आदेश जारी किया गया था. अन्य एजेंसियों के साथ पीएनबी मामले की जांच कर रही ईडी ने इस संपत्ति को जब्त किया था. नीरव मोदी देश छोड़कर पहले ही फरार हो चुका है. घटनाक्रम के बारे में जानकारी रखने वाले एक अन्य अधिकारी ने बताया कि ध्वस्त करने के काम में जुटी टीम को बंगले में दो कीमती कारें भी मिली. उन्होंने बताया कि टीम को बंगले के अंदर गद्दे, ग्लास फ्रेम, फर्नीचर आदि सामान भी मिले हैं.

## एनसीडीआरसी ने डॉक्टर को दिया मरीज को 8 गुना मुआवजे का आदेश

### इलाज में लापरवाही और गलत बिल

नई दिल्ली (आरएनएस)। हरियाणा के पंचकुला के एक डॉक्टर को मरीज का गलत इलाज करना और ज्यादा बिल बनाना भारी पड़ गया। राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी)ने मरीज को मानसिक यातना और दर्द के लिए डॉक्टर पर तीन लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। सर्वोच्च उपभोक्ता आयोग के बेंच में शामिल आर के अग्रवाल और सदस्य एम श्रीशा ने डॉक्टर गीता जिंदल को पीड़ित को मेडिकल खर्च का आठ गुना से ज्यादा मुआवजा देने का आदेश दिया। बेंच ने कहा कि न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को मुआवजे की राशि का भुगतान करना होगा क्योंकि डॉक्टर के पास क्षतिपूर्ति पॉलिसी थी।



ट्राइब्यूनल ने कहा कि डॉक्टर ने मरीज के इलाज में न केवल लापरवाही दिखाई बल्कि उसको गलत बिल भी दिया। पीड़ित का सही इलाज नहीं किया गया। इसलिए उन्होंने जो बिल दिया वह गलत था। ट्राइब्यूनल ने हरियाणा के रहने वाले दिनेश जोशी द्वारा राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के 10 मई 2016 के आदेश के खिलाफ दाखिल पुनर्विचार याचिका को स्वीकार कर यह फैसला सुनाया। राज्य आयोग ने दिनेश जोशी की याचिका को खारिज कर दिया था। राज्य आयोग में दाखिल याचिका में जोशी ने डॉक्टर द्वारा गलत इलाज के लिए उनसे ली गई राशि वापस करवाने का आग्रह किया था।

याचिका के अनुसार जोशी पंचकुला में 4 अक्टूबर 2011 को जिंदल के पास इलाज के लिए गए थे। मरीज के कूल्हे में जबरदस्त दर्द था। जिंदल ने उन्हें दवा देते हुए कहा कि उनका दर्द दो दिन में कम हो जाएगा।

## मां की मौत के सदमे से पुत्र ने लगाई फांसी

धमतरी (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में एक बेटे ने अपनी मां की सेवा करने के लिए कोई कसर नही छोड़ी जब मा बीमार और अहसाय हो तो एक बेटे ने अपना फर्ज निभाते हुए मा की सेवा जतन करने मे कोई कमी नही छोड़ी और उम्र की पड़ाव मे मां अपने बेटे की साथ छोड़ भगवान के घर चली गई, लेकिन बेटा इस सदमे से नही उभर पाए और अपने मा के कमरे मे ही बेटे ने फासीं लगा कर खुदकुशी कर ली। ये पूरा मामला छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले की है, वैसे तो मां और बेटे की मौत के बाद गांव मे मातम छा गए है। हर कोई शख्स इन मा बेटे के अनोखे प्रेम की गुणगान कर रहा है, फिलहाल रूद्री पुलिस मामले की जांच मे जुट गई है।



जिले के एक छोटे से गांव भटगांव मे आज सुबह से मातम पसरा हुआ है यहा एक मा बेटे की लाश से इलाके मे सनसनी फैला दी है। मां की मौत ने बेटे को गहरा सदमा दिया है और वह इस सदमे से उभर नही पाया और बेटे ने मा के कमरे मे ही फासी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

## वाइस एडमिरल जी अशोक कुमार ने नौसेना वाइस चीफ का कार्यभार संभाला

नई दिल्ली (आरएनएस)। वाइस एडमिरल जी. अशोक कुमार, एवीएसएम, वीएसएम ने आज (30 जनवरी 2019) नौसेना वाइस चीफ का पदभार संभाला। सैनिक स्कूल, अमरावती नगर और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड़कवासला, पुणे के पूर्व छात्र वाइस एडमिरल जी. अशोक कुमार ने 01 जुलाई 1982 में भारतीय नौसेना की एक्जेक्यूटिव शाखा में कमीशन प्राप्त किया था।



नौसेना में अपने तीन दशक से अधिक समय के असाधारण करियर के दौरान एडमिरल ने स्टाफ और कमान के अनेक चुनौतीपूर्ण कार्यों को संभाला।

1989 में कोच्चि में नौवहन और संचालन में विशेषज्ञता हासिल करने के बाद उन्होंने भारतीय नौसेना के जहाजों नीलगिरी, रणवीर और विक्रांत में नौवहन अधिकारी के रूप में कार्य किया। इसके अलावा वह आईएनएस कुलीश और रणवीर के कमान अधिकारी रहे और आईएनएस ब्रह्मपुत्र में कार्यकारी अधिकारी रहे।

## तेज रफ्तार कार खाई में गिरी तीन की मौत एक गंभीर

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के राजधानी के अटलनगर में मंगलवार की देर रात कार हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। वही एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार कार आई 10 कार जी जे 10 के एफ 2221अनियंत्रित होकी सड़क से नीचे खाई में गिर जाने के कारण कार चालक मनाल कोसरिया 24 वर्ष निवासी मोवा एवं रवि तिवारी 25 वर्ष निवासी जमशेदपुर झारखण्ड व उमेर आलम 25 वर्ष निवासी झारखण्ड का रहने वाले थे। वही कलक्ता निवासी सौरभ साहू 22 वर्ष गंभीर रुप से घायल हो गया है। युवक को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चारों युवक रायपुर के एक निजी अस्पताल में काम करने वाले बताए जा रहे है।



## फेरों के कुछ देर बाद ही पति-पत्नी का हो गया तलाक

अहमदाबाद। गुजरात के अहमदाबाद से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। यहां एक शादीशुदा जोड़े ने शादी के कुछ देर बाद ही तलाक ले लिया। दरअसल हुआ यूं कि अहमदाबाद के गोनडल में शादी का जश्न चल रहा था। दूल्हा-दुल्हन ने सात फेरे लिए और उसके बाद दोनों पक्ष ने साथ खाना खाना शुरू किया। कुछ देर बाद लड़का और लड़की वालों के बीच खाने को लेकर कुछ



कहा सुनी हो गई लड़ाई इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्ष को लोगों ने एक दूसरे के ऊपर खाने के बर्तन फेंकने शुरू कर दिए। लड़ाई बढ़ती देख पुलिस को बुलाना पड़ा। पुलिस ने लड़ाई खत्म करवाई लेकिन मामला बहुत गंभीर हो गया था। लड़ाई होने के बाद लड़का और लड़की के घरवालों ने अपने-अपने वकील को बुलाया और दोनों ने तलाक ले लिया। दूल्हा दुल्हन के बगैर ही घर चला गया और उसने सभी गिफ्ट लौटा दिए। इससे पहले उत्तर प्रदेश के एटा से भी ऐसा ही एक मामला सामने आया था। यहां एक महिला को घर समय पर नहीं आने की वजह से उसके पति ने फोन पर ही तीन तलाक दे दिया।

## 12 सालों से नाक में फंसी सोने की अंगूठी छींक से आई बाहर

एजेंसी। ब्रिटेन की एक 20 वर्षीय महिला को उसकी 12 साल पहले खोई अंगूठी मिल गई। लेकिन जिस तरह से गुम हुई अंगूठी उसे मिली, उसे जानकर आप चौंक जाएंगे। जी हां, कुछ दिन पहले महिला ने जैसे ही छींक मारी तो अंगूठी नाक से निकलकर उसके हाथों में आ गई।



## सूखे के कारण हजारों मछलियों की मौत, सफेद हो गई नदी

सिडनी (आरएनएस)। सूखे की मार झेल रहे ऑस्ट्रेलिया में एक प्रमुख नदी में हजारों मछलियां मृत पाई गई हैं। आशंका जताई जा रही है कि मछलियों के मरने की सिलसिला आगे भी जारी रह सकता है। मामले से संबंधित अथॉरिटी ने इस संबंध में चेतावनी दी है। इससे अब पारिस्थितिक आपदा का खतरा मंडराने लगा है। अधिकारियों और स्थानीय लोगों ने सोमवार को यह जानकारी दी।



दो महीने से भी कम समय में इस क्षेत्र में इतनी बड़ी तादाद में मछलियों के मारे जाने की यह तीसरी घटना है। मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि इस बात की जानकारी होने के बाद वे सुदूरवर्ती पश्चिम न्यू साउथ वेल्स राज्य के एक छोटे से शहर मेनिन्डी के लिए रवाना हो गए।

## बुजुर्ग दंपत्ति की हत्या का आरोपी सलवार कमीज पहनकर घर में घुसा था

**पुलिस का दावा**

नयी दिल्ली (आरएनएस)। दक्षिणपूर्वी दिल्ली के अमर कालोनी इलाके में बुजुर्ग दंपत्ति की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने कहा कि हिरासत में लिया गया 17 वर्षीय आरोपी सलवार कमीज पहन घर में दाखिल हुआ था और हत्या करने बाद अगले दिन वह सूट-बूट में घर से बाहर निकला था। पुलिस ने 27 जनवरी को वीरेंद्र कुमार खनेजा और उनकी पत्नी सरला खनेजा का शव उनके घर से बरामद किया था। इस मामले में पुलिस ने हत्या के अगले दिन दंपत्ति की नौकरानी को गिरफ्तार किया था और उसके नाबालिग बेटे को हिरासत में ले लिया था। पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि नौकरानी ने ही बुजुर्ग दंपत्ति के घर का दरवाजा खोला था ताकि उसका बेटा घर में दाखिल हो सके। पुलिस के मुताबिक नौकरानी के बेटे ने बुजुर्ग महिला की गला दबाकर हत्या की और घर में रखे गहने लूट लिये। इसके बाद उसने वीरेंद्र के घर आने का इंतजार किया और फिर उनकी भी हत्या कर दी। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि अपराध को अंजाम देने के बाद अगले दिन जब आरोपी घर से बाहर निकला तब उसने सूट-बूट पहना हुआ था और टोपी लगा रखी थी। उसके हाथ में एक थैला और एक ट्रॉली थी जिसमें चोरी की गई नकदी रखी हुई थी। घर से बाहर निकलने के बाद वह फोन पर बात करने का दिखावा करने लगा ताकि किसी को उस पर शक न हो। पुलिस ने बताया कि नौकरानी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है जबकि उसके बेटे को मंगलवार को एक दिन की पुलिस रिमांड पर रखा गया था। पुलिस ने नौ लाख रुपए की नकदी, सोने के गहने और अन्य सामान बरामद कर लिया है।

## सर्द हवाओं के कारण उत्तर भारत में पड़ रही कड़ाके की ठंड

नई दिल्ली (आरएनएस)। उत्तर भारत में इस बार पड़ रही कड़ाके की सर्दी का संबंध आर्कटिक की बर्फीली हवाओं से है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर भारत में जबरदस्त सर्दी आर्कटिक से आने वाली सर्द हवाओं के कारण हो सकती है। पोलर वोर्टेक्स (ध्रुवीय चक्रवात) से हवाओं में उतार-चढ़ाव के कारण पिछले साल दिसंबर से लेकर अबतक ठंड का असर उत्तर भारत में बढ़ता दिखा है।



राजस्थान के चुरू में कड़ाके की ठंड पड़ रही है और वहां का तापमान -1.1 डिग्री है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने कहा कि यह पोलर वोर्टेक्स के कारण हो सकता है। पोलर वोर्टेक्स के कारण यूरोप और अमेरिका में इसबार जबरदस्त सर्दी पड़ रही है।

आईएमडी लॉन्ग रेंज के प्रमुख डी सिवानंद पाई ने कहा, आर्कटिक से निकलने वाली ठंड यूरोप और अमेरिका में दक्षिण की ओर फैल रही है, जो पश्चिमी विक्षोभ को उत्तर भारत की ओर धकेलती हुआ प्रतीत होती है।

## तीन भारतीय सहित पांच मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

काठमांडू (आरएनएस)। नेपाल में मादक पदार्थ तस्करी में संलिप्तता के मामले में तीन भारतीयों सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार भारतीयों की पहचान 21 साल के मोहम्मद अकरामुद्दीन, 23 साल के जावेद आलम और 21 साल की शांति देवी आलम के रूप में हुई है।

## जिबूती में दो प्रवासी नौकाएं डूबने से 5 की मौत, 130 लापता

एजेंसी। जिबूती के तट पर प्रवासियों को लेकर जा रहीं दो नौकाएं डूबने से पांच लोगों की मौत हो गई और करीब 130 व्यक्तियों का कोई पता नहीं है. संयुक्त राष्ट्र की प्रवासी एजेंसी ''इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन'' (आईओएम) ने मंगलवार को बताया कि दोनों नौकाएं जिबूती की उत्तर पूर्वी तट रेखा पर स्थित गोडोरिया से खराब मौसम के बावजूद समुद्र में आगे बढ़ीं. नौकाओं में क्षमता से अधिक लोग सवार थे.



आईओएम ने एक बयान में बताया कि स्थानीय निवासियों ने सतर्क किया लेकिन नौकाएं आगे बढ़ गईं और डूब गईं. बचाव दल और सैन्य कर्मियों ने दो व्यक्तियों को जीवित निकाला. दो महिलाओं और दो पुरुषों के शव मिले. जीवित बचे एक व्यक्ति ने बताया कि एक अनुमान के अनुसार, उसकी नौका में करीब 130 लोग थे. लेकिन वह यह नहीं बता पाया कि दूसरी नौका में कितने लोग थे. बयान में कहा गया है कि तट रक्षक बचाव एवं खोज अभियान चला रहे हैं.

## बम धमाके में एक ही परिवार के छह लोगों की मौत

पेशावर (आरएनएस)। उत्तरपश्चिमी पाकिस्तान के एक घर में मंगलवार को हुए बम विस्फोट में एक ही परिवार के छह सदस्यों की मौत हो गई।

यह विस्फोट उत्तरी वजीरीस्तान की सीमा से लगने वाले बन्नू जिले के लंदीवाक इलाके में एक शिक्षक के घर में हुआ।